Telephones :
Director: 0184-2290501
SAO. : 0184-2291156
P.B.X : 2291399, 2209306
Fax : 0184-2290480
E-mail :director.cssri@icar.gov.in
GST No: 06AAAAI 1830P1ZN

भा.कृ.अनु.प.- केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान,
जरीफा फार्म, काछवा रोड़, करनाल-132001 (हरियाणा)
**ICAR-Central Soil Salinity Research Institute**
(A Unit of Indian Council of Agricultural Research)
Zarifa Farm, Kachhwa Road,
KARNAL - 132001 (Haryana)

फा.सं. P-12/multienterprise/2021
दिनांकः 13.07.2021

टैण्डर नोटिस संख्या-5/2021

भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सचिव की ओर से निदेशक, केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल द्वारा निम्नलिखित मद के लिए इच्छुक फर्मो से सीलबन्द टैण्डर (single bid system off-line mode) आमंत्रित किए जाते है, जिसका विवरण इस प्रकार से हैः-

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | कार्य स्थल | धरोहर राशि (रु) |
|---|---|---|---|
| 1. | कृषि विविधीकरण परियोजना 02 हैक्टेयर **(5 एकड़)** को ठेके पर देने हेतु। | केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल | 20,000/- (बीस हजार रुपये) |

**सामान्य नियम एवं शर्तेः-**

टैण्डर संस्थान की वैबसाइट www.cssri.res.in एवं Central Public Procurement Portal पर प्रकाशित किया जा रहा है। उपरोक्त टैण्डर फार्म पूर्ण विवरण सहित उपरोक्त वैबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। सील्ड टैण्डर कृपया आई.सी.ए.आर यूनिट-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल के नाम भेजें और टैण्डर फार्म के साथ धरोहर राशि रू. 20,000/- का बैंक ड्राफ्ट ICAR Unit-CSSRI, Karnal के नाम लगाना अनिवार्य होगा, बगैर धरोहर राशि के टैण्डर फार्म मान्य नहीं होगा।

सील्ड टैंडर संस्थान में आकर टैंडर बाक्स में डाला जाए। निविदा बाक्स सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय में रखा हुआ है।

| | |
|---|---|
| टैण्डर जारी करने की तिथि | 13.07.2021 सांय 5.00 बजे |
| टैण्डर फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | 03.08.2021 दोपहर 1.00 बजे तक |
| टैण्डर फार्म खोलने की तिथि | 03.08.2021 अपराह्न 3.00 बजे |

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
टेलीफोन न0. 0184-2291156

**भा.कृ.अनु.प.- केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान,**
जरीफा फार्म, काछवा रोड़, करनाल-132001 (हरियाणा)
ICAR-Central Soil Salinity Research Institute, Karnal

टैण्डर नोटिस संख्या-5/2021 दिनांकः 13.07.2021

**टैण्डर की नियम एवं शर्तें**

**कृषि विविधीकरण परियोजना (02 हैक्टेयर) को ठेके पर देने के लिए नियम एवं शर्तें**

1. ठेकेदार को कृषि विविधीकरण परियोजना में चलने वाली परियोजना के सभी फसल, जानवर एवं संबंधित घटक, संस्थान परियोजना संबंधित अधिकारी की देख-रेख में व उसकी सलाह के अनुसार लगाने होंगे।

**कृषि विविधीकरण परियोजना के घटक -**

(1) अन्न उत्पादन (1.0 हैक्टेयर)
   1. धान-गेहूँ-मूंग फसल प्रणाली (0.33 हैक्टेयर)
   2. मक्का-गेहूँ-मूंग फसल प्रणाली (0.33 हैक्टेयर)
   3. धान-गेहूं फसल प्रणाली (0.33 हैक्टेयर)

(2) चारा उत्पादन (0.4 हैक्टेयर) - ज्वार एवं बरसीम ।

(3) सब्जी उत्पादन (0.2 हैक्टेयर)- टमाटर, घीया, खीरा, भिंडी, पत्ता गोभी, फूल गोभी आदि।

(4) फल उत्पादन (0.2 हैक्टेयर) - अमरुद एवं केला ।

(6) मछली उत्पादन एवं अन्य संबंधित घटक (0.2 हैक्टेयर)

- तालाब की मुंडेर पर फलदार वृक्ष जैसे अमरूद, केला, आँवला एवं करौंदा लगा है तथा इनकी देख-रेख (गड्ढे बनाना, खाद डालना, पानी देना इत्यादि) अधिकारी की सलाह के अनुसार करनी होगी। फलदार वृक्षों के बीच खाली स्थान पर मौसम के अनुसार विभिन्न सब्जियाँ उगाई जानी है।

**अन्यः-**

(1) **पशुपालन**: ठेकेदार अपने दूध देने वाले दो या तीन पशु (भैंस या गाय) पशुबाड़े में रख सकाता है। परन्तु संस्थान द्वारा दिए गए व्यस्क दुधारू पशुओं और ठेकेदार के दुधारु पशुओं की संख्या 06 से ज्यादा न हो। इसके अलावा ठेकेदार इनके छोटे बछड़ा/बछड़ी या कटड़ा/कटड़ी भी रख सकता है। ध्यान रहे कि कुल पशु संख्या दस पशुओं से ज्यादा न हो। ठेकेदार द्वारा पशुओं का बीमा करवाना अनिवार्य होगा।

(2) **मुर्गी पालन** - संस्थान के अधिकारी की देख-रेख में उसकी सलाह के अनुसार करना होगा। ठेकेदार बत्तख पालन भी कर सकता है।

(3) कम्पोस्ट उत्पादन

(4) जैविक गैस

(5) इसके अलावा ठेकेदार एक या दो कोई अन्य घटक, संस्थान के अधिकारी की सलाह के बाद निदेशक महोदय की स्वीकृति से कर सकता है।

**नोटः-**

1. उपरोक्त घटकों के संचालन हेतु संस्थान दो हैक्टेयर जमीन, ऊपरलिखित पशु यार्ड, मुर्गी बाडा, मछली तालाब, गोबर गैस प्लांट आदि उपलब्ध करायेगा। इनके लिए प्रयुक्त होने वाली अन्य वस्तुओ की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं करनी होगी।
2. संस्थान परियोजना संबंधित अधिकारी की सलाह से फसलो एवं जानवरों का प्रबंधन संस्तुत की गई मानक तकनीक के अनुसार करना होगा।
3. खेत की जुताई एवं सामान की ढुलाई व अन्य संबंधित कार्यो की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। ठेकेदार को ट्रैक्टर संस्थान की तरफ से डीजल खर्च के आधार पर उपलब्धता के अनुसार दिया जा सकता है। इसका खर्च प्रति घन्टे या प्रति एकड़ के हिसाब से फार्म प्रबन्धक द्वारा निर्धारित दर के अनुसार संस्थान में जमा करवाना पड़ेगा।
4. फसलों की सिंचाई, मछली तालाब एवं जानवरों के लिए पानी संस्थान की तरफ से उपलब्ध कराया जायेगा। सिंचाई एवं अन्य घटकों पर बिजली उपयोग का खर्च हरियाणा में किसानों के लिए निर्धारित टयूबवैल की दरों का 30 प्रतिशत ठेकेदार द्वारा देय होगा।
5. मछली का बीज डालने से लेकर बेचने तक की सभी बातें मछली संबधित संस्थान के अधिकारी की सलाह से करनी होगी।
6. मछली एवं दूध को बेचने की दरें फार्म प्राड्यूस डिस्पोजल कमेटी एवं ठेकेदार की सलाह से मिलजुल कर निर्धारित की जायेगी तथा इनको संस्थान के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर बेचा जायेगा तथा शेष उत्पाद ठेकेदार अपनी इच्छा से कहीं भी बेच सकता है।
7. जानवरों की देख-रेख, बीमारी से बचाव, खान-पान आदि का प्रबन्धन ठेकेदार को संस्तुत की गई मानक तकनीक के अनुसार करना होगा। आवश्यकता पड़ने पर ठेकेदार अपने द्वारा लाये गये कटड़े या बछड़े को बेच सकता है तथा इससे प्राप्त आय ठेकेदार की होगी।
8. ठेकेदार की अनदेखी/लापरवाही की वजह से आंधी, तूफान, औलावृष्टि एवं अन्य पर्यावरण से होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
9. ठेकेदार को कृषि विविधीकरण परियोजना क्षेत्र पर 24 घंटे उपस्थित रहना होगा। कृषि विविधीकरण परियोजना क्षेत्र में उपस्थित सभी फसलों, मछली एवं जानवरो की सुरक्षा की जिम्मेंदारी ठेकेदार की होगी। कोई भी नुकसान होने पर उसकी भरपाई ठेकेदार को स्वयं करनी होगी।
10. कृषि विविधीकरण परियोजना के क्षेत्र में पड़ने वाले रास्तों, ढोलों एवं नालियों की साफ-सफाई, संस्थान के परियोजना अधिकारी के कहने पर करनी होगी।
11. ठेकेदार को कृषि विविधीकरण क्षेत्र की परियोजना में होने वाले क्रियाकलापों, आय एवं लागत का पूरा हिसाब हर महिने संस्थान के परियोजना संबंधित अधिकारी को देना अनिवार्य होगा।
12. कृषि विविधीकरण परियोजना में होने वाली कम्पोस्ट का उपयोग ठेकेदार फल एवं सब्जी उत्पादन के लिए करेगा एवं इसको बेच नहीं सकता। जैविक गैस का उपयोग ठेकेदार अपने परिवार का खाना बनाने के लिए कर सकता है।
13. ठेकेदार द्वारा फार्म पर उपलब्ध संसाधनों या अन्य किसी भी वस्तु के नुकसान होने पर उसकी भरपाई संस्थान के निदेशक की निर्धारण अनुसार एवं उनकी अनुमति से करनी होगी।

14. कृषि विविधीकरण परियोजना में होने वाले उत्पाद को संस्थान के बाहर गेट पास के माध्यम से कार्यालय के समयानुसार (सुबह 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक) ही जाने दिया जायेगा।

15. ठेका छोड़ने के लिए बन्द लिफाफे में निविदाएं आमन्त्रित की जायेगी एवं 20,000/- रुपये का <u>बैंक डिमांड ड्राफ्ट ICAR Unit-CSSRI, Karnal</u> के नाम से सिक्योरिटी मनी के रुप में जमा कराना होगा। उच्चतम् बिडर की सिक्योरिटी मनी संस्थान में ठेका अवधि समाप्ति के एक माह बाद देय होगी।

**16. उच्चतम् बीडर को ठेका छुटने के बाद 50 प्रतिशत राशि 10 दिन के अन्दर जमा करानी होगी। यदि राशी 10 दिन के अन्दर जमा नहीं करायी तो उसको बिना सूचित किये उसका ठेका निरस्त कर दिया जायेगा तथा उसकी सिक्योरिटी राशी भी जब्त कर ली जायेगी। शेष 50 प्रतिशत राशी 6 महीने पूरे होने पर 10 दिनों के अन्दर-अन्दर जमा करानी होगी** अन्यथा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। ठेके की देय राशि की अवधि निदेशक महोदय की पूर्वानुमति से 2 प्रतिशत प्रति माह की ब्याज दर के साथ बढ़ाई जा सकती है।

17. **कृषि विविधीकरण परियोजना को एक वर्ष की अवधी के लिए ही ठेके पर दिया जायेगा। ठेके की अवधि को आपसी सहमति के बाद निदेशक महोदय की अनुमति से 5% प्रति वर्ष बढ़ी हुई दर के साथ अधिकतम तीन वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है।**

18. संस्थान परिसर में मदिरा/शराब का सेवन, लड़ाई-झगड़ा आदि ठेकेदार या उसके किसी भी सदस्य/संबधी द्वारा करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी तथा ठेका तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

19. ठेकेदार या उसके किसी भी सदस्य के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटनें पर संस्थान उसके लिए किसी भी प्रकार से उतरदायी नहीं होगा।

20. ठेकेदार कृषि विविधिकरण परियोजना के किसी भी घटक को उपठेकेदार को नहीं दे सकता है। ठेकेदार को कृषि विविधीकरण परियोजना के सभी फसल एवं जानवरों सबंधित घटकों की देख-रेख का खर्च स्वयं वहन करना होगा।

21. संस्थान के निदेशक द्वारा बिना कारण बताये कृषि विविधिकरण परियोजना का ठेका कभी भी निरस्त किया जा सकता है।

**22. फर्म को किसी अन्य विभाग द्वारा ठेके आदि के कार्यों के लिये ब्लैक लिस्ट न किया गया हो।**

23. नियम या शर्तों के अर्थ समझने या अमल में लाने अथवा किसी भी अन्य विवाद का निबटारा करनाल न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा।

**मैनें उपरोक्त सभी नियम एवं शर्तें ध्यानपूर्वक पढ़ ली है और इन्हे मंजूर करते हुए मैं प्रति एकड़/प्रति वर्ष रूपये ______________ (रुपये ____________________________) में ठेके पर लेने के लिए तैयार हूँ।**

ठेकेदार के हस्ताक्षर: ____________________________________________________

नाम व पूरा पता: ____________________________________________________

____________________________________________________

टेलिफोन न. ____________________

Government ePublishing System

# ePublishing System, Government of India

## Tender Details

Date : 13-Jul-2021 11:29 AM

Print

### Basic Details

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Organisation Chain** | Indian Council of Agricultural Research\|\|Central Soil Salinity Research Institute\|\|Purchase and General Administration | | |
| **Tender Reference Number** | P-12/multienterprise/2021 | | |
| **Tender ID** | 2021_ICAR_614127_1 | | |
| **Tender Type** | Open Tender | **Form of contract** | Lump-sum |
| **Tender Category** | Services | **No. of Covers** | 2 |
| **Payment Mode** | Offline | **Is Multi Currency Allowed For BOQ** | No |
| **Is Multi Currency Allowed For Fee** | No | | |

### Payment Instruments

Offline

| S.No | Instrument Type |
|---|---|
| 1 | Demand Draft |

### Cover Details, No. Of Covers - 2

| Cover No | Cover | Document Type | Description |
|---|---|---|---|
| 1 | Fee/PreQual/Technical | .pdf | NIT |
| 2 | Finance | .xls | BoQ |

### Tender Fee Details, [Total Fee in ₹ * - 0.00]

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Tender Fee in ₹** | 0.00 | | |
| **Fee Payable To** | NA | **Fee Payable At** | NA |
| **Tender Fee Exemption Allowed** | NA | | |

### EMD Fee Details

| | | | |
|---|---|---|---|
| **EMD Amount in ₹** | 20,000 | **EMD Exemption Allowed** | No |
| **EMD Fee Type** | fixed | **EMD Percentage** | NA |
| **EMD Payable To** | ICAR Unit CSSRI | **EMD Payable At** | Karnal |

### Work /Item(s)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Title** | Rate contract for multi enterprise | | | | |
| **Work Description** | Rate contract for multi enterprise | | | | |
| **Pre Qualification Details** | Please refer Tender documents. | | | | |
| **Tender Value in ₹** | 3,50,000 | **Product Category** | Miscellaneous Services | **Sub category** | NA |
| **Contract Type** | Tender | **Bid Validity(Days)** | 90 | **Period Of Work(Days)** | 365 |
| **Location** | Karnal | **Pincode** | 132001 | **Pre Bid Meeting Place** | NA |
| **Pre Bid Meeting Address** | NA | **Pre Bid Meeting Date** | NA | **Bid Opening Place** | CSSRI Karnal |

### Critical Dates

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publish Date** | 13-Jul-2021 05:00 PM | **Bid Opening Date** | 03-Aug-2021 03:00 PM |
| **Document Download / Sale Start Date** | 13-Jul-2021 05:00 PM | **Document Download / Sale End Date** | 03-Aug-2021 01:00 PM |
| **Clarification Start Date** | 13-Jul-2021 05:00 PM | **Clarification End Date** | 03-Aug-2021 10:00 AM |
| **Bid Submission Start Date** | 13-Jul-2021 05:00 PM | **Bid Submission End Date** | 03-Aug-2021 01:00 PM |

### Tender Documents

**NIT Document**

| S.No | Document Name | Description | Document Size (in KB) |
|---|---|---|---|
| 1 | Tendernotice_1.pdf | Brief information about tender | 773.11 |

**Work Item Documents**

| S.No | Document Type | Document Name | Description | Document Size (in KB) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BOQ | BOQ_913011.xls | price bid | 237.0 |
| 2 | Tender Documents | multi enterprise tender 2021-22 soft copy.pdf | Detailed information for the bidders | 773.11 |

| **Tender Inviting Authority** | |
|---|---|
| **Name** | Director CSSRI |
| **Address** | Zarifa farm Kachhwa road karnal 132001 |

| **Tender Creator Details** | |
|---|---|
| **Created By** | Sultan Singh |
| **Designation** | AAO |
| **Created Date** | 13-Jul-2021 11:25 AM |